# अभ्यास पत्रक

**कक्षा – चौथी** **विषय – हिंदी**

**प्र.1** **'मन के भोले–भाले बादल' अथवा 'नाव बनाओ–नाव बनाओ' कविता की प्रथम आठ पंक्तियाँ लिखिए।**

**प्र.2** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

क) बादल ढोल कैसे बजाते होंगे ?

ख) साल के किन–किन महीनों में ज़्यादा बादल छाते हैं?

ग) 'बस' शब्द के अलग–अलग अर्थों में चार वाक्य बनाओ?

घ) दिनेश की माँ कौन–सी मशीन चला रही होगी?

ङ) पापा ने जितने काम सोचे, उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन–सा लगता है? क्यों?

च) जमाल साहब अपने मामूली से कपड़ों में घूमने क्यों नहीं जाना चाहते होंगे?

छ) कौन बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है?

**प्र.3** **शब्दार्थ लिखो ।**

क) बुद्धिमान ख) मूर्ख ग) अभिमान घ) कोशिश

**प्र.4** **कौन–कैसा ।**

क) सूरज–सी ____________ ____________

ख) परियों–सा ____________ ____________

**प्र.5** **निम्न मुहावरों से वाक्य बनाइए ।**

क) नाक–भौंह सिकोड़ना ख) कलई खुलना

ग) घड़ों पानी पड़ना घ) ईद का चाँद

**प्र.6** **निम्न शब्दों में अंतर बताओ ।**

क) टहनी–तना ख) घूँस–चूहा

**प्र.7** **बताओ, इन्हें क्या कहेंगे ।**

क) जिस स्कूटर में दो पहिये हों –

ख) जिस झंडे में तीन रंग हों –

ग) जिस स्कूटर में तीन पहिये हों –

घ) जिस मकान में दो मंजिलें हों –

**प्र.8** **मिलती–जुलती आवाज़ों वाले प्रत्येक शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।**

क) घड़ा – गढ़ा ख) फ़न – फन ग) राज – राज़

**प्र.9** **सही विकल्प पर (✓) सही का निषान लगाइए ।**

क) हमारी राष्ट्रभाषा है –

(i) हिंदी ☐ (ii) अंग्रेजी ☐

ख) हिंदी की लिपि है –

(i) रोमन ☐ (ii) देवनागरी ☐

ग) वर्णों का क्रमबद्ध समूह कहलाता है –

(i) वर्णमाला ☐ (ii) भाषा ☐

घ) वाक्य के अंग हैं –

(i) चार ☐ (ii) दो ☐

ङ) विशेष प्राणी, वस्तु अथवा स्थान के नाम का बोध कराने वाले शब्द कहलाते हैं –

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ (ii) भाववाचक संज्ञा ☐

च) स्त्री व पुरुष दोनों के लिए प्रयोग किया जाता है –

(i) प्रधानमंत्री ☐ (ii) शिक्षक ☐

छ) पुल्लिग शब्द बोध कराते हैं –

(i) पुरुष जाति का ☐ (ii) स्त्री जाति का ☐

ज) जो संज्ञा शब्द दो या दो से अधिक का ज्ञान कराए, उसे कहते हैं –

(i) एकवचन ☐ (ii) बहुवचन ☐

झ) संज्ञा शब्द बार–बार लिखने से वाक्य लगते हैं –

(i) अटपटे ☐ (ii) चटपटे ☐

×k) क्रिया बोध कराती है –

(i) कार्य होने का ☐ (ii) संज्ञा की संख्या का ☐

**प्र.10 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

क) भाषा को लिखने के लिए निर्धारित किए गए चिह्नों को .................... कहते हैं।

ख) भाषा के दो रुप होते हैं .......................... तथा ............................ ।

ग) वर्ण भाषा की सबसे ............................ इकाई है।

घ) ........................ स्वतंत्र ध्वनियाँ होती हैं।

ङ) अनुस्वार का उच्चारण ....................... से किया जाता है।

**प्र.11 निम्नलिखित प्रष्नों के उत्तर लिखिए –**

क) भाषा किसे कहते हैं?

ख) वर्ण किसे कहते हैं?

ग) अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते हैं?

घ) लिंग की परिभाषा लिखिए ।

ङ) वचन के भेदों के नाम लिखिए ।

च) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

छ) क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए।

**प्र.12 क्रिया का सही रुप भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए ।**

क) बच्चों ने पाठ ........................ । (पढ़ना)

ख) राधा गाना ........................... । (गाना)

**प्र.13 दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखाएँ खींचिए ।**

क) रमेश मेरा भाई है। ख) वह अपनी पुस्तक पढ़ रही है।

ग) यहाँ कौन आया था? घ) सीता उसकी बहन है।

**प्र.14 दिए गए वाक्यों में वचन रेखांकित कीजिए व वचन का नाम लिखिए ।**

क) घोड़ा हिनहिना रहा था । .......................................

ख) मक्खियाँ भिनभिना रही थीं । .......................................

**प्र.15 शब्दों को सही क्रम में लिखकर सार्थक वाक्य बनाइए –**

क) बोलो । सच सदा ................................ ख) होगी । आज बारिश ................................

ग) राधा रही स्कूल जा है। ................................ घ) लिखता है। पत्र वह ................................

**प्र.16 दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।**

क) अध्यापक ख) फल

**प्र.17 मित्र को पुस्तक मँगवाने हेतु पत्र लिखिए ।**

**प्र.18 किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।**

क) स्वतंत्रता दिवस ख) दीपावली

***